## एक नजर में

### विधायक पुत्र पर मछली लूट का आरोप

शिवपुरी,11 फरवरी. जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने पिछोर विधायक प्रीतम लोधी के बेटे राकेश लोधी पर गंभीर आरोप लगाए. कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने कहा कि विधायक पुत्र अपने साथियों के साथ बंदूक लेकर पहुंचा और करीब 7 से 8 लाख रुपए की मछलियां लूट ले गया. पुलिस सत्ता के दबाव में एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है.मोहित अग्रवाल ने बताया कि ग्राम गुत्तोरा निवासी मन्नूलाल केवट 'मां बीजासन देवी मछुआ सहकारी समिति के अध्यक्ष हैं. उन्हें कलेक्टर शिवपुरी द्वारा वर्ष 2022 से 2032 तक बुधाना जलाशय पर मछली पालन का पट्टा दिया गया है. वे वैध रूप से वहां मछली पालन करते हैं.आरोप है कि विधायक पुत्र राकेश लोधी 8-10 हथियारबंद साथियों के साथ जलाशय पर पहुंचे. उन्होंने समिति के लोगों को डरा-धमकाकर मछली पकड़ने से रोका.

### गबन कांड में आरोपी नहीं हुए अरेस्ट

पिपलियामंडी,11 फरवरी. व्यापारी सुनील जैन के साथ करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के लहसुन चिप्स गबन मामले में दो माह बाद भी मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से तनाव बढ़ रहा है. सुनील जैन का आरोप है कि आरोपी प्रभावशाली और रसूखदार है, इसलिए पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है. उन्होंने बताया कि प्रकरण दर्ज होने के बाद उन्हें छह बार थाने बुलाकर बयान दर्ज करवाए गए, जबकि उन्होंने पहले ही विस्तृत बयान दे दिया है. सूचना के अनुसार, सुनील और उनके भाई दिलीप जैन ने 2019 में नाकोड़ा कोल्ड स्टोरेज, मंदसौर में कुल 3507 बैग लहसुन चिप्स जमा किए थे.

# एक माह में नौ बाघों की मौत का दावा

## फील्ड डायरेक्टर से हाईकोर्ट ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**जबलपुर,11 फरवरी . हाईकोर्ट में बुधवार को प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बाघों की मौत के मामले में में सुनवाई हुई. याचिकाकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि बाघों की मौत का सबसे बड़ा कारण अवैध शिकार है और इसे लेकर अधिकारी गंभीर नहीं हैं.**

एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि केवल जनवरी 2026 में ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 9 बाघों की मौत हुई है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने इस संबंध में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये है.

हाईकोर्ट में भोपाल के वन्य प्राणी कार्यकर्ता अजय दुबे की ओर से यह जनहित याचिका दायर की गई है. जिसमें दावा किया गया है कि वर्ष 2025 में प्रदेश में 54 बाघों की मौत हुई है. आवेदक की ओर से कहा गया कि पूरी दुनिया में कुल 5,421 बाघ हैं, जिनमें से 3,167 भारत में पाए जाते हैं. मध्यप्रदेश में ही 785 टाइगर मौजूद हैं. इस कारण मप्र को



टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है. याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वर्ष 2025 के दौरान प्रदेश में 54 बाघों की मौत हुई है.

लील दी गई कि वर्ष 1973 में शुरू हुए प्रोजेक्ट टाइगर के बाद यह पहला मौका है जब किसी एक राज्य में एक ही वर्ष में इतने अधिक बाघों की मौतें हुई हैं. मौतों के पीछे पोचिंग, करंट, रेल हादसे और रहस्यमयी घटनाएं शामिल हैं. आवेदक का कहना है कि प्रदेश में पिछले पांच सालों में कुल 222 बाघों की मौत दर्ज की गई है. हर साल मौत का आंकड़ा बढ़ गया है. वर्ष 2021 में 34 मौतें, 2022 में 43, 2023 में 45, 2024 में 46 और 2025 में 54 मौतें हुई हैं. केवल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ही लगभग 57 प्रतिशत मौतें अप्राकृतिक बताई गई हैं. ये मौतें शिकार, करंट लगने और संदिग्ध परिस्थितियों में हुईं थीं. हाल ही में उमरिया जिले के चंदिया रेंज में बिजली लाइन के पास टाइगर का शव मिलने से इलेक्ट्रोक्यूशन की आशंका जताई गई है.

### सिविल जज भर्ती 2022 की प्रक्रिया जारी रखने के निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व में जारी उस अंतरिम आदेश को वापस ले लिया है जिसमें सिविल जज भर्ती को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया गया था। इसके अलावा अभ्यर्थियों को मिले अंक भी सार्वजनिक नहीं किए गए थे। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सिविल जज भर्ती 2022 की प्रक्रिया को जारी रखने के निर्देश दिये है.

### चार्जशीट की वैधता की जांच कर पेश करें रिपोर्ट : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस राजेंद्र कुमार वाणी की युगलपीठ ने एक मामले में चार्जशीट की वैधता की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व निर्देश के पालन में विशेष स्थापना पुलिस लोकायुक्त के डीजी योगेश देशमुख न्यायालय में हाजिर हुए। उन्होंने माना कि जो ओरिजिनल फाइल पेश की गई थी, वह ठीक से पेश नहीं की गई थी। वे चार्जशीट की वैलिडिटी की जांच करने का जिम्मा लेते हैं और पंद्रह दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट देंगे.

# ग्वालियर-चंबल की अनदेखी अब और नहीं सहेंगे

## वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन सशक्तिकरण का अभियान तेज

**ग्वालियर,11 फरवरी. पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह ने बुधवार को ग्वालियर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के घर घर जाकर मुलाकात की. चार दिवसीय ग्वालियर-चंबल प्रवास के पहले दिन उन्होंने दिनभर पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया और संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी को बूथ स्तर तक मज़बूत करने का संदेश दिया.**

पार्टी सूत्रों के अनुसार यह दौरा कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा और एकजुटता लाने की दिशा में अहम कदम माना है. उन्होंने पुराने कांग्रेसजनों से पुन: संपर्क साधा और स्थानीय राजनीतिक परिस्थिति, जनता की समस्याओं तथा संगठनात्मक तैयारियों पर चर्चा की. अजय सिंह ने अपने ग्वालियर प्रवास के दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ताओं से उनके निवास पर जाकर भेंट की. उन्होंने कार्यकर्ताओं का हालचाल जाना और प्रदेश व क्षेत्रीय संगठन की गतिविधियों पर विचार साझा किया. उन्होंने जिन नेताओं से



सौजन्य मुलाकात की उनमें पूर्व मंत्रीगण भगवान सिंह यादव, लाखन सिंह यादव, बालेंदु शुक्ला, विधायक डॉ सतीश सिंह सिकरवार, शहर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल जौहरे, वासुदेव शर्मा, सुग्रीव सिंह कुशवाहा, एंदल सिंह कंसाना, संगम सिंह जाटव, अजीत परमार, साहिद सिंह गुर्जर, गोपाल सिंह परमार, राजेन्द्र सिंह नाती, प्रभु दयाल जौहरे, विवेक सिंह तोमर और योगेन्द्र सिंह शामिल हैं. इन मुलाकातों के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी शक्ति उसका कार्यकर्ता वर्ग है, जो हर कठिन परिस्थिति में पार्टी के साथ खड़ा रहा है.अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है.

### ग्वालियर और चंबल की उपेक्षा पर सरकार को घेरा

मुलाकातों के बाद पत्रकारों से चर्चा में अजय सिंह ने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की हालत चिंताजनक है. उन्होंने कहा कि किसानों को फसल का दाम नहीं, युवाओं को रोजगार नहीं, व्यापारियों को राहत नहीं और आम जनता को सुविधाएँ नहीं मिलीं. सरकार केवल नारो में व्यस्त है. सड़कों की दुर्दशा, अधूरी सिंचाई योजनाएँ और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली जनता की पीड़ा को बढ़ा रही हैं. अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस आने वाले समय में इन मुद्दों को लेकर एक बड़ा आंदोलन छेड़ेगी.

# सीएम ने किया महाकाल वन मेले का शुभारंभ

**उज्जैन,11 फरवरी. महाकाल की नगरी उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाकाल वन मेले का शुभारंभ किया और विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के नए अध्याय की शुरुआत की. मेले का आयोजन 11 से 16 फरवरी तक 'समृद्ध वन, खुशहाल जन' थीम पर किया जा रहा है.**

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि महाकुंभ से जुड़े उज्जैन में आयुर्वेद का एम्स अस्पताल स्थापित किया जाएगा, साथ ही भैरवगढ़ और जीवाजी गंज में भी अस्पताल बनेंगे.मेले में प्राकृतिक होली रंग गुलाल, महाकाल स्मृति उपहार और वन विभाग की नई पहल 'महाकाल वन प्रसादम' का विमोचन हुआ. वन विभाग की





प्रदर्शनी का अवलोकन कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र भी दिए गए. 75 लाख रुपये की लागत से खरीदे गए 170 वायरलेस हैंडसेट स्वच्छता निरीक्षकों को सौंपे गए, जिससे नगर निगम की सफाई व्यवस्था की रियल टाइम मॉनीटरिंग और लोकेशन ट्रैकिंग संभव होगी. वन मेला वन धन केंद्रों, लघु वनोपज समितियों और हर्बल उद्योगों के लिए मंच बनकर उभरा है.

# प्लेटफार्म पर घिसट रहा था यात्री, सुरक्षाकर्मी ने बचाई जान

**ग्वालियर,11 फरवरी. स्टेशन की प्लेटफार्म पर घिसट रहे पैसेंजर को जरा भी अंदाजा नहीं था कि चलती ट्रेन में बैठने की चाह उसकी जान भी ले सकती है. पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते -चढ़ते फिसल गया.**

ट्रेन चल रही थी और वो घिसटता जा रहा था. यात्री ने ट्रेन पकड़ रखी थी, जिससे आरक्षक दौड़कर उसकी जान बचाने में सफल हो गया. यात्री की जान भी जा सकती थी अगर फ्लेटफार्म पर तैनात प्रधान आरक्षक निर्णय लेने में जरा भी चूक जाता, लेकिन बहादुरी के मिसाल बने प्रधान आरक्षक हैरतअंगेज नजारा देख तुरंत यात्री को बचाने के लिए दौड़ पड़े, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई. पैसेंजर



ट्रेन में चढ़ने-चढ़ते फिसल गया. ट्रेन चल रही थी और वो घिसटता जा रहा था. यात्री ने ट्रेन पकड़ रखी थी, जिससे आरक्षक दौड़कर उसकी जान बचाने में सफल हो गया.रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को चलती पातालकोट एक्सप्रेस पर सवार होने के लिए पैसेंजर ने खतरनाक स्टंट किया था. यात्री पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन में सवार नहीं हो पाया था और ट्रेन में दौड़कर चढ़ने का प्रयास कर रहा था.

ट्रेन की रफ्तार तेज थी, जैसे ही यात्री ने ट्रेन पर पैर रखा उसका बैलेंस बिगड़ गया. चश्मदीद बताते हैं कि गनीमत थी कि यात्री के हाथ में गेट आ गया था वरना पैसेंजर के साथ बड़ी अनहोनी होनी तय थी. चश्मदीदों के मुताबिक प्रधान आरक्षक धीर सिंह ने यात्री को प्लेटफार्म पर घिसटता देखा तो पैसेंजर को बचाने के लिए बिना समय गंवाए ट्रेन के पीछे दौड़ पड़े और अंतत: यात्री की जान बचाने में कामयाब रहे. प्रधान आरक्षक की टाइमिंग ने यात्री को बचाने में बड़ी भूमिका निभाई. घटना में बाल- बाल बचे यात्री के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है.

# सांसद निधि से विकास को नई रफ्तार

## रतलाम, झाबुआ, आलीराजपुर में हुए 3 करोड़ 94 हजार से ज्यादा के विकास कार्य

**आलीराजपुर, 11 फरवरी. संसदीय क्षेत्र क्रमांक 24 रतलाम-झाबुआ-आलीराजपुर की सांसद अनिता चौहान ने सत्र 2025-26 में अपनी सांसद निधि से पूरे क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी.**

ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु अनेक जनहितैषी कार्य स्वीकृत किए गए, जिनमें सीसी रोड और पुलिया निर्माण, शैक्षणिक भवनों का निर्माण, विद्युतीकरण विस्तार, पेयजल व्यवस्था हेतु पानी टैंकर सहित अन्य मूलभूत अधोसंरचना से जुड़े कार्य प्रमुख हैं. मंत्री सांसद



हेल्पलाइन प्रभारी गोविंदा गुप्ता ने बताया कि सड़कों और पुलिया निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम हुआ है और वर्षा ऋतु में परेशानियों से राहत मिली है.शैक्षणिक भवनों के निर्माण व मरम्मत से विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हुई है. विद्युतीकरण विस्तार से दूरस्थ अंचलों के गांवों और सार्वजनिक स्थलों तक बिजली पहुंच सुनिश्चित हुई.

### स्वीकृत राशि का जिलेवार ब्यौरा

रतलाम जिले में 18 कार्य, झाबुआ जिले में 48 कार्य और आलीराजपुर जिले में 45 कार्य स्वीकृत किए गए. क्षेत्रवासियों ने विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की और सांसद अनिता चौहान का आभार जताया.

# भाजपा नेता समेत 3 पर केस

**देवास,11 फरवरी. जिला न्यायालय के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) से विवाद के मामले में नाहर दरवाजा थाना पुलिस ने भाजपा नेता पंकज धारू समेत तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है.**

शिकायत में आरोप है कि धनलक्ष्मी मैरिज गार्डन के पास सार्वजनिक मार्ग पर वाहन खड़ा कर रास्ता रोका गया, गाली-गलौज की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई. पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार भी किया है वहीं भाजपा नेता पंकज धारू ने आरोपों को निराधार बताया है.



उनका कहना है कि एक दिन पहले एडीजे की गाड़ी से एक बच्चे को टक्कर लगी थी, जिससे वह घायल हो गया. बच्चे के उपचार को लेकर चर्चा करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाद में समझौते के लिए फोन आया, लेकिन इसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया.

# ब्लॉक कांग्रेस ने धरना देकर जताया विरोध



**जबलपुर,11 फरवरी . रांझी थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं, अवैध नशे के कारोबार और पुलिस प्रशासन की उदासीन कार्यशैली के विरोध में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, रांझी खमरिया के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया गया.**

कांग्रेसियों ने इस दौरान प्रशासन से मांग की कि रांझी क्षेत्र में पुलिस की गशत बढ़ाई जाए, अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और अवैध नशे के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई की जाए. इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ,कैंटोनमेंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक चौकसे , ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष वत्स, गोकलपुर ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य मिश्रा, महाराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष पटेल, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा, जग्गू विश्वकर्मा, मथुरा प्रसाद चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही.

# रामकृष्ण आश्रम ने चुकाया 12 लाख का प्रॉपर्टी टैक्स

**ग्वालियर, 11 फरवरी. शहर की प्रतिष्ठित संस्था रामकृष्ण आश्रम ने अपने नागरिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए 12 लाख रुपये का संपत्ति कर जमा कर दिया है. इसे नगर निगम द्वारा बड़े बकायेदारों के खिलाफ चलाई जा रही सख्ती के सकारात्मक असर के रूप में देखा जा रहा है.**

आश्रम के सचिव स्वामी कृष्णम्रतानंद महाराज ने नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय से मुलाकात कर उन्हें 12 लाख रुपये की राशि का चेक सौंपा. अपर आयुक्त मुनीश सिंह सिकरवार के नेतृत्व में निगम की टीमें इन दिनों शहर के बड़े संस्थानों और व्यावसायिक इकाइयों से कर वसूली के लिए फील्ड पर हैं.

इस सक्रियता के बीच आश्रम द्वारा स्वयं आगे बढ़कर कर का भुगतान करना निगम की वित्तीय





स्थिति के लिए राहत भरी खबर है. भुगतान के दौरान स्वामी कृष्णम्रतानंद ने शहर की अन्य सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं को भी आड़े हाथों लिया.

# ग्रीन पार्क कॉलोनी में दुकान में लगी भीषण आग

**इंदौर, 11 फरवरी. चंदन नगर थाना क्षेत्र के ग्रीनपार्क कॉलोनी में बुधवार को सुबह करीब 6:30 बजे एवरफ्रेश की दुकान में भीषण आग लग गई. आग ने देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया और अंदर रखे कीमती फर्नीचर, खाने-पीने का स्टॉक और 5 फ्रिज जलकर राख हो गए.**

दुकान मालिक साजिद मेव ने



बताया कि उन्हें सुबह साढ़े छह बजे धुआं और लपटें उठती दिखाई दीं, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी. स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी.

फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया और इसे आसपास की दुकानों में फैलने से रोक दिया. इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, क्योंकि सुबह के समय दुकान में भीड़ कम थी. दुकान मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है. शुरुआती अनुमान के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. पुलिस और फायर विभाग नुकसान का आकलन कर रहे हैं. घटना में लगभग लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया है, जबकि आसपास के इलाकों में भय का माहौल बन गया था.

**तैयारी** महाराज का हेलीकॉप्टर से रीवा एयरपोर्ट पर आगमन

# आज से पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास महाराज करेंगे गौकथा

**रीवा,11 फरवरी. बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक जगदगुरू द्वाराचार्य अग्रपीठाधीश्वर एवं श्रीमलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास महाराज गौकथा और गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर कथा करेंगे.**

यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इस दिव्य आयोजन से गौसंरक्षण, गौ आधारित प्राकृतिक खेती और सनातन मूल्यों को नई दिशा और सशक्त प्रोत्साहन मिलेगा. उन्होंने गौ अभ्यारण्य परिसर में आयोजित होने वाली कथा को



भव्य और अप्रतिम बताया और सभी से आह्वान किया कि वे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गौ भक्त एवं गौ कथा वाचक राजेन्द्र दास की कथा सुनें. मलूक पीठाधीश्वर आचार्य राजेन्द्र दास महाराज का हेलीकॉप्टर से रीवा एयरपोर्ट पर आगमन हुआ.

### डिप्टी सीएम ने आचार्य को गौमाता की मूर्ति भेंट की

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने उनका आत्मीय स्वागत किया और तदुपरांत अमहिया स्थित निवास पर जाकर चरण पखारकर आशीर्वाद लिया. उप मुख्यमंत्री ने आचार्य को श्रीफल और गौमाता की मूर्ति भेंट की. यह आयोजन गौ संरक्षण एवं गौ आधारित खेती को बढ़ावा देने के साथ ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है.



### भाजपा ने दीनदयाल की पुण्यतिथि पर किया नमन

**अनूपपुर, 11 फरवरी.** जिलें मे बुधवार को भाजपा के पितृपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर अनूपपुर भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल की छायाचित्र पर संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया एवं जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने माल्यार्पण कर किया नमन एवं अपने विचार व्यक्त किए.

# हाईकोर्ट ने मोरवन फैक्ट्री से हटाया स्टे

- जनहित याचिका खारिज,
- 350 करोड़ की परियोजना का निर्माण फिर से होगा शुरू

**नीमच,11 फरवरी. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने जावद तहसील के मोरवन गांव में प्रस्तावित सुविधि रेयॉन्स मोरवन टेक्सटाइल फैक्ट्री पर लगे अंतरिम स्टे को हटा दिया है.**

इस फैसले से फैक्ट्री प्रबंधन और राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है, जिससे लगभग 350 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना का निर्माण कार्य फिर से शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है.फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों और किसान संगठनों द्वारा लंबे समय से विरोध प्रदर्शन किया जा



रहा था. नवंबर 2025 में हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि फैक्ट्री जिस भूमि पर बन रही है.

वह चरनोई (चारागाह) भूमि है और इसका डायवर्सन नियमों के विपरीत किया गया है. इस याचिका पर सुनवाई करते हुए 17 नवंबर 2025 को हाईकोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था, जिससे निर्माण कार्य रुक गया था. किसानों ने फैक्ट्री को जलस्त्रोतों और बांधों के पास बताते हुए पर्यावरण और जल संकट की आशंका जताई थी.